फा. सं 12016/05/2025- रा.भा (का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी -II भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 22.04.2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय :"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती" समारोह के अवसर पर आयोजित की जाने वाली पुरुष टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ''**राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती**'' समारोह का आयोजन नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 जून, 2025 को किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में अखिल भारतीय स्तर पर **पुरुष टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता** आयोजित की जानी प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न संगठनों में कार्यरत राजभाषा हिंदी से जुड़े कार्मिक शामिल हो सकते हैं।

2. इस प्रतियोगिता के लिए अखिल भारतीय स्तर पर चार टीमें बनाए जाने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित टीमें:- गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, राष्ट्रीयकृत बैंक एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की होंगी।

3. अत: गृह मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग **(सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को शामिल करते हुए)** और लोक उद्यम विभाग **(पीएसयू को शामिल करते हुए)** से अनुरोध है कि वे अपनी ओर से 15-15 सदस्यीय टीम बनाकर सूचना दिनांक 08 मई, 2025 तक श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक, गृह मंत्रालय की ईमेल आईडी dksingh.20@gov.in एवं santosh.gupta89@nic.in पर भिजवा दें।

3. क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैचों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**टीम**	**मैच की तारीख**	**ओवरों की संख्या**
1	राजभाषा विभाग बनाम गृह मंत्रालय	17.05.2025	15
2	राष्ट्रीयकृत बैंक बनाम उपक्रम	17.05.2025	15
3	राजभाषा विभाग बनाम उपक्रम	18.05.2025	15
4	गृह मंत्रालय बनाम राष्ट्रीयकृत बैंक	18.05.2025	15
5	गृह मंत्रालय बनाम उपक्रम	19.05.2025	15
6	राजभाषा विभाग बनाम राष्ट्रीयकृत बैंक	19.05.2025	15

4. तालिका में शीर्ष स्थान पाने वाली दो टीमों के बीच फाइनल मैच दिनांक 20.05.2025 को खेला जाएगा।

5. प्रतियोगिता से संबंधित विशेष विवरण:

i. खिलाड़ियों के लिए टीए/डीए का वहन संबंधित कार्यालय द्वारा किया जाएगा तथा उनके लिए आवास की व्यवस्था भी संबंधित कार्यालय द्वारा की जाएगी।
ii. गृह मंत्रालय की टीम में स्पोर्ट्स कोटा तथा सीएसओएलएस संवर्ग के खिलाड़ी शामिल नहीं होंगे।
iii. राजभाषा विभाग (सीएसओएलएस) से 15 से अधिक खिलाड़ियों की प्रविष्टियां प्राप्त होने पर ट्रायल/प्रतियोगिता मैच करवाया जाएगा और तदुपरांत अंतिम 15 खिलाड़ियों का चयन राजभाषा विभाग और उनके द्वारा नामित नोडल अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।
iv. विकेट और टेनिस बॉल को छोड़कर अन्य किट्स/ सामग्री की व्यवस्था स्वयं खिलाड़ी/संबंधित कार्यालय द्वारा की जाएगी।

6. क्रिकेट मैच के आयोजन स्थल और समय की सूचना यथा समय दी जाएगी। यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)
दूरभाष : 011-23438143

.........2

सेवा में,

1. संयुक्त सचिव, प्रशासन, गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
2. संयुक्त सचिव (राजभाषा), वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, नई दिल्ली।
3. संयुक्त सचिव, प्रशासन, लोक उद्यम विभाग, सीजीओ कॉपलेक्स, नई दिल्ली।
4. केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी अधिकारी/कर्मचारी (दिनांक 17.04.2021 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन के क्रम में)।
5. श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक, गृह मंत्रालय – क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी कार्रवाई हेतु।

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी।
2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव।